socio-economic situation, the broad policy parameters for enhancement of productivity and production in a sustainable manner, and thereby reduction of poverty. Farmers, particularly the small and marginal farmers, will be the focus of attention in the National Policy on Agriculture, both as the mainspring and the beneficiaries of agricultural development.

अकाल के कारण पशुधन की हानि

933. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात के कच्छ तथा बनासकांठा में गत कुछेक वर्षों के दौरान सूखे तथा अकाल की स्थिति के कारण कुल कितने पशुओं और अन्य मवेशियों की हानि हुई है;

(ख) क्या सरकार ने इस हानि के संबंध में सरकारी तौर पर कोई सर्वेक्षण किया है;

(ग) सरकार द्वारा राज्य सरकार को और कितनी सहायता प्रदान की गई है और किस प्रकार से; और

(घ) क्या सरकार ने उक्त जिलों में पशुधन के बचाव हेतु कोई कारगर उपाए किए हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल): (क) गुजरात सरकार ने सूचित किया है कि विगत कुछ वर्षों के दौरान इस मामले में इन जिलों से कोई सूचना नहीं मिली है।

(ख) राज्य सरकार द्वारा राज्य राहत मैनुअल के प्रावधानों के अनुसार पशुओं की उत्तरजीविका हेतु पर्याप्त चारा प्रदान करने के लिये उपाय किये जाने की सूचना मिली है।

(ग) सूखा सहित प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राहत व पुनर्वास उपाय करना प्रमुखतया राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। 1990-91 से आपदा राहत कोष से जिसमें केन्द्र तथा राज्य सरकार 3:1 के अनुपात में अंशदान करती है, राज्य को वार्षिक रूप से आबंटन किया जाता है। केन्द्रीय अंश चार समान त्रैमासिक किश्तों में वार्षिक तौर पर निर्मुक्त किया जाता है।

(घ) जी, हां। राज्य सरकार द्वारा इस मामले में पर्याप्त सुधारात्मक उपाय किये जाने की सूचना मिली है।

Assistance of Adivasi Families

934. SHRI SURYABHAN PATIL VAHADANE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have taken steps to encourage the farmers of ADIVASI districts of the country, by providing them facilities to promote the agricultural production in their fields; and

(b) if so, the number of such districts benefited in Maharashtra and number of families so benefited during last five years?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SOMPAL): (a) The Government is implementing a number of Central/ Centrally sponsored schemes for the development of agriculature in the country. However, there is no specific separate scheme for Adivasi districts in the country.

(b) Does not arise.

जैव कृषि (आर्गेनिक फार्मिंग)

935. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि जैव कृषि के विभिन्न माध्यमों जैसे-जैव-उर्वरकों और जैव-कीटनाशकों के जरिए भारत में दूसरी हरित क्रान्ति लाई जा सकती है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने गत पांच वर्षों के दौरान जैव कृषि को बढ़ावा देने हेतु कुल कितनी धनराशि व्यय की है और उसका राज्य-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर दी गई राजसहायता का वर्ष-वार एवं मद-वार ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल): (क) यह निःसन्देह रूप से सही है कि कार्बनिक उर्वरकों तथा जैव-कीटनाशकों को दूसरी हरित क्रान्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। तथापि, गहन उत्पादन पद्धति की उच्च-पोषक तत्व संबंधी मांग की पूर्ति केवल कार्बनिक/जैव उर्वरकों के उपयोग से ही नहीं की जा सकती है। इसके लिये पादप पोषक-तत्वों के कार्बनिक